Adda247 GET IT ON Google Play

# UP Police Constable Question Paper Held on 10 June 2026 S1-exam

**[प्र. सं. 1 से 3 गद्यांश प्रश्न] निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिए।**

विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल में बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं, इसीलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव दृढ़ बन जाती है तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है तो उसका स्वास्थ्य सुंदर बनता है। यदि मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसे ज्ञान मिलता है, उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को प्रारंभ से सुंदर सिंचन और खाद मिल जाती है वह पुष्पित एवं पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन एवं समय नियमन के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है। सभ्य नागरिक के लिए जिन-जिन गुणों की आवश्यकता है उन गुणों के लिए विद्यार्थी काल ही तो सुंदर पाठशाला है। यहाँ पर अपने साथियों के बीच रहकर वे सभी गुण आ जाने आवश्यक हैं जिनकी विद्यार्थी को अपने जीवन में आवश्यकता होती है।

1. गद्यांश के अनुसार विद्यार्थी काल में कौन-से गुण अपनाने चाहिए ?
   (A) क्रोध और अहंकार
   (B) केवल मनोरंजन
   (C) आलस्य और आराम
   (D) श्रम, अनुशासन और समय नियमन

2. गद्यांश के अनुसार एक आदर्श विद्यार्थी के अच्छे गुण क्या हैं ?
   (A) मौज-मस्ती और आनंद करना
   (B) आरामदायक जीवन शैली
   (C) नियमावली का पालन
   (D) श्रम, अनुशासन एवं समय नियमन

3. गद्यांश के अनुसार, विद्यार्थी जीवन को ________ कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।
   (A) मानव जीवन का आधार
   (B) मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी
   (C) मानव जीवन की नींव
   (D) मानव जीवन का प्रारंभ

4. 'संबोधन कारक' के रूप में किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?
   (A) (;) (B) (!) (C) (I) (D) (?)

5. निम्नलिखित में से "गीता रहस्य" पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है ?
   (A) जवाहरलाल नेहरू (B) रविन्द्रनाथ टैगोर (C) विक्रम सेठ (D) बाल गंगाधर तिलक

6. निम्नलिखित में से 1957 में आचार्य नरेन्द्र देव को साहित्य अकादमी पुरस्कार उनकी किस कृति के लिए दिया गया था ?
   (A) संस्कृति के चार अध्याय
   (B) बौद्ध धर्म दर्शन
   (C) कला और बूढ़ा चाँद
   (D) भूले बिसरे चित्र

7. 'सुधि' शब्द के अंत में क्या जोड़ने पर शब्द बहुवचन बन जाएगा ?
   (A) वृन्द (B) गण (C) वर्ग (D) जन

8. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में विशेषण का प्रयोग *नहीं* हुआ है ?
   (A) बच्चों ने गाना गाया।
   (B) वह लड़का लंबा और दुबला है।
   (C) यह एक सुंदर फ्रॉक है।
   (D) मुझे बड़ी इमारतें पसंद हैं।

9. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा वाक्य प्रेरणार्थक क्रिया *नहीं* दर्शाता है ?
   (A) अध्यापक विद्यार्थी को पाठ पढ़ा रहा है।
   (B) छात्रों ने आरुशी को अपना नेता चुना।
   (C) पिता बच्चों से पौधे लगवाता है।
   (D) पूर्वी तितली उड़ा रही है।

10. 'घाव हरा होना' इस मुहावरे का निकटतम अर्थ है :
   (A) शर्म महसूस करना
   (B) पकड़ में न आना
   (C) भूला (पुराना) दुःख याद आना
   (D) हार मान लेना

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

**DOWNLOAD THE APP**

Adda247 GET IT ON Google Play

11. "प्रत्यक्ष" शब्द के लिए उपयुक्त विलोम शब्द का चयन कीजिए :
(A) समक्ष (B) परोक्ष (C) संक्षेप (D) विपक्ष

12. 'पो + अन' किस स्वर संधि का उदाहरण है ?
(A) यण संधि (B) गुण संधि (C) विसर्ग संधि (D) अयादि संधि

13. 'जहाँ कोई न रहता हो' के लिए उचित शब्द बताएँ :
(A) गगनचुम्बी (B) अवैध (C) पर्णकुटी (D) निर्जन

14. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है ?
(A) चक्षु (B) उपार्जन (C) सुगन्धित (D) रास्ता

15. निम्नलिखित में से "साकेत" किसके द्वारा रचित महाकाव्य है ?
(A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (B) सुमित्रानंदन पंत (C) मैथिलीशरण गुप्त (D) जयशंकर प्रसाद

16. 'डोरे डालना' मुहावरे का अर्थ निम्न में से क्या है ?
(A) फन्दे डालना (B) दुःखी करना (C) बाँधना (D) प्रेम में फँसाना

17. 'प्रत्येक' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?
(A) प्रति (B) प (C) प्रतिय (D) इक

18. जयशंकर प्रसाद बहुत बड़े नाटककार थे। उन्होंने __________ नाटक की रचना की।
(A) अजातशत्रु (B) झरना (C) आधे-अधूरे (D) कामायनी

19. निम्नलिखित में से कौन-सा चिह्न पुनरुक्ति व लाघव को दर्शाता है ?
(A) ? (B) . (C) :- (D) „

20. भील का स्त्रीलिंग है :
(A) भलणी (B) भोली (C) भीलना (D) भीलनी

21. सूर्य का कर्क रेखा से दक्षिण की ओर जाना कहलाता है :
(A) भाववादी (B) आदर्शवादी (C) उत्तरायण (D) दक्षिणायन

22. 'नजरों से नीचे गिरना' इस मुहावरे का सही अर्थ है :
(A) डर कर भाग जाना (B) लज्जित होना
(C) तिरस्कृत या अपमानित होना (D) अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाना

23. 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है :
(A) संगति का प्रभाव अवश्य पड़ता है। (B) अच्छे को सभी अच्छे लगते हैं।
(C) योग्य व्यक्तियों की प्रतिभा बचपन में ही दिखाई दे जाती है। (D) मन शुद्ध है तो सब ठीक है।

24. निम्नलिखित में से किस विकल्प के दोनों शब्द आपस में पर्यायवाची हैं ?
(A) वह्नि, हुताशन (B) विलक्षण, अजंगम (C) कज, छाप (D) अकिंचन, स्थावर

25. 'कबूतर' शब्द का लिंग बदलिए :
(A) कबूतर (B) कबूतरिया (C) कबूतरी (D) कबूतरनी

26. नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा वाक्य समुच्चयबोधक अव्यय दर्शाता है ?
(A) शालिनी बहुत मीठा बोलती है। (B) उसे बहुत दूर नहीं जाना है।
(C) स्वास्थ्य का ध्यान रखो अन्यथा बीमार हो जाओगे। (D) अभी तुम रुक जाओ।

27. 'जिसका आचरण अच्छा है' इस वाक्यांश के लिए एक उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए :
(A) सदाचारी (B) मृदुभाषी (C) कर्मठ (D) यशस्वी



Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

28. प्रश्नवाचक तथा विस्मयादिबोधक को छोड़कर सभी वाक्यों के अंत में कौन-सा चिह्न प्रयुक्त होता है ?
(A) कोष्ठक (B) योजक (C) पूर्ण विराम (D) अवतरण

29. निम्नलिखित में से किसको "मैं जब तक आई बाहर" के लिए वर्ष 2024 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?
(A) गगन गिल (B) अनामिका (C) ममता कालिया (D) कात्यायनी

30. निम्नलिखित में से "गिलिगडु" उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया है ?
(A) मन्नू भंडारी (B) चित्रा मुद्गल (C) उषा प्रियंवदा (D) मंजुल भगत

31. 'पछतावा' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) आवा (B) वा (C) अ (D) आ

32. 'त्रिमूर्ति' का सामासिक विग्रह क्या होगा ?
(A) तीन देवियाँ
(B) तीन मूर्तियों का समूह
(C) तीन पाठों को जानने वाला
(D) तीन माह

33. 'कविता के नये प्रतिमान' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) श्रीलाल शुक्ल (B) भगवतीचरण वर्मा (C) नामवर सिंह (D) आचार्य नरेन्द्र देव

34. 'कलत्र' का अनेकार्थी शब्द है :
(A) तारा (B) रात्रि (C) श्री (D) स्त्री

35. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से रेखांकित पद के उचित कारक को पहचानिए :
<u>बोतल</u> में दूध बचा है।
(A) अधिकरण कारक (B) कर्ता कारक (C) संप्रदान कारक (D) सम्बोधन कारक

36. 'जो स्वयं सेवा करता हो' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द पहचानिए :
(A) अनुयायी (B) अवसरवादी (C) स्वयंसेवी (D) सर्वव्यापी

37. 'अब तुम सो जाओ' इस वाक्य में कौन-सा अव्यय है ?
(A) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण
(B) कालवाचक क्रिया-विशेषण
(C) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण
(D) सम्बन्धबोधक अव्यय

38. यदि "T" का अर्थ गुणा (×) है, "U" का अर्थ घटाना (–) है, "V" का अर्थ भाग (÷) है और "W" का अर्थ जोड़ (+) है, तो व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।
If "T" means multiplication (×), "U" means subtraction (–), "V" means division (÷) and "W" means addition (+), find the value of the expression.
(56 V 4) W (26 T 5)
(A) 164 (B) 182 (C) 144 (D) 122

39. निम्नलिखित सभी अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके एक सार्थक अंग्रेज़ी शब्द बनाइए।
Rearrange all the following letters to form a meaningful English word.
"EHTRA"
(A) EARTH (B) OTHER (C) HERTZ (D) ETHER

40. एक दुकानदार ने एक सप्ताह की अपनी दैनिक बिक्री (₹ में) इस प्रकार दर्ज की : सोमवार : 1200, मंगलवार : 1500, बुधवार : 900, गुरुवार : 1800, शुक्रवार : 2100, शनिवार : 2400, रविवार : 600. सप्ताह की कुल बिक्री कितनी है ?
A shopkeeper recorded his daily sales (in ₹) for a week : Monday : 1200, Tuesday : 1500, Wednesday : 900, Thursday : 1800, Friday : 2100, Saturday : 2400, Sunday : 600. What are the total sales for the week ?
(A) ₹ 11,000 (B) ₹ 10,800 (C) ₹ 10,500 (D) ₹ 10,200



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

**41.** यह पता लगाने के लिए 60 व्यक्तियों का साक्षात्कार लिया गया कि क्या वे टेनिस, शतरंज और कैरम खेलते हैं। एकत्रित की गई जानकारी को वेन आरेख में दर्शाया गया है। ऐसे व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है जो केवल शतरंज और केवल टेनिस खेलते हैं ?

An interview was conducted with 60 individuals to find out whether they play Tennis, Chess and Carrom. The information collected has been represented in the Venn diagram. What is the total number of individuals who play only Chess and only Tennis ?




(A) 19 (B) 21 (C) 17 (D) 24

**42.** प्रश्न और दिए गए कथनों को पढ़िए और फिर निर्णय कीजिए कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
x, y और z के मान ज्ञात कीजिए, यदि :

**कथन :**

I. $2x + 3y + z = 16$ II. $x = y$

(A) कथन I और कथन II दोनों मिलकर भी पर्याप्त नहीं हैं।
(B) कथन II अकेला पर्याप्त है।
(C) कथन I अकेला पर्याप्त है।
(D) कथन I और कथन II दोनों मिलकर पर्याप्त हैं।

Read the question and statements provided and then decide whether the information provided in the statements is sufficient to answer the question.
Find the values of x, y and z, if :

**Statements :**

I. $2x + 3y + z = 16$ II. $x = y$

(A) Both Statement I and Statement II together also are not sufficient.
(B) Statement II alone is sufficient.
(C) Statement I alone is sufficient.
(D) Both Statement I and Statement II together are sufficient.

**43.** एक आदमी 3 किमी उत्तर की ओर चलता है, फिर पूर्व की ओर मुड़कर 4 किमी चलता है, फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 3 किमी चलता है, फिर पश्चिम की ओर मुड़कर 2 किमी चलता है। अब आरंभिक बिंदु से उसकी सबसे कम दूरी कितनी है और वह अपने आरंभिक बिंदु से किस दिशा में है ?

(A) 4 किमी पूर्व (B) 3 किमी उत्तर-पूर्व
(C) 2 किमी पूर्व (D) 2 किमी पश्चिम

A man walks 3 km North, then turns East and walks 4 km, then turns South and walks 3 km, then turns West and walks 2 km. What is his shortest distance now from the starting point and in which direction is he from his starting point ?

(A) 4 km East (B) 3 km North-East
(C) 2 km East (D) 2 km West



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

44. दिए गए ग्राफ में कंपनी 1 और कंपनी 2 के छह वर्षों की अवधि के बिक्री प्रदर्शन को दर्शाया गया है। दिए गए आँकड़ों के आधार पर, कंपनी 1 और कंपनी 2 के बीच बिक्री का अंतर किस वर्ष में सबसे अधिक था ?

The given graph shows the sales performance of Company 1 and Company 2 over a period of six years. Based on the data provided, in which year was the difference in sales between Company 1 and Company 2 the greatest ?




(A) 2020
(B) 2019
(C) 2024
(D) 2023

45. एक आदमी बिंदु A से चलना शुरू करता है। वह 4 किमी उत्तर दिशा में चलता है, फिर दाएँ मुड़कर 3 किमी चलता है। फिर से दाएँ मुड़कर वह 4 किमी चलता है। अंत में बाएँ मुड़कर वह 5 किमी चलता है। उसकी वर्तमान स्थिति और बिंदु A के बीच सबसे कम दूरी कितनी है और वह बिंदु A से किस दिशा में है ?

(A) 8 किमी, पूर्व
(B) 5 किमी, पूर्व
(C) 3 किमी, पश्चिम
(D) 8 किमी, पश्चिम

A man starts walking from point A. He walks 4 km North, then turns right and walks 3 km. He then turns right again and walks 4 km. He finally turns left and walks 5 km. What is the shortest distance between his current position and point A and in which direction is he from point A ?

(A) 8 km, East
(B) 5 km, East
(C) 3 km, West
(D) 8 km, West

46. दी गई अक्षर श्रृंखला का ध्यानपूर्वक विश्लेषण कीजिए। समूह का प्रत्येक अक्षर वर्णमाला में एक निश्चित संख्या में स्थानों से आगे बढ़ने के एकसमान पैटर्न (क्रम) का अनुसरण करता है (Z के बाद एकसमान पैटर्न में घूमता है)। इस पैटर्न के आधार पर लुप्त समूह की पहचान कीजिए।

Analyze the given letter series carefully. Each letter in the group follows a consistent pattern of shifting forward by a fixed number of positions in the alphabet (with wrap-around after Z). Identify the missing group based on this pattern.

AEL, MQX, YCJ, KOV, WAH, ?

(A) WFH
(B) WBD
(C) WBI
(D) IMT



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

**47.** A @ Z का अर्थ है A, Z के पूर्व में स्थित है।
A # Z का अर्थ है A, Z के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।
A $ Z का अर्थ है A, Z के दक्षिण में स्थित है।
A * Z का अर्थ है A, Z के दक्षिण-पूर्व में स्थित है।
अभिव्यक्ति M # N @ O $ P के आधार पर, P के सापेक्ष N की दिशा ज्ञात कीजिए।
(A) दक्षिण-पूर्व (B) उत्तर-पश्चिम
(C) पूर्व (D) पश्चिम
A @ Z means A is to the East of Z.
A # Z means A is to the South-West of Z.
A $ Z means A is to the South of Z.
A * Z means A is to the South-East of Z.
Based on the expression M # N @ O $ P, find the direction of N with respect to P.
(A) South-East (B) North-West
(C) East (D) West

**48.** यह श्रृंखला 5 अक्षरों वाले एक सार्थक अंग्रेज़ी शब्द की पुनरावृत्ति पर आधारित है। शब्द को पहचानिए और उसके अनुसार लुप्त अक्षरों को भरिए।
The series is based on the repetition of a meaningful English word consisting of 5 letters. Identify the word and fill in the missing letters accordingly .
_LAN_P_AN_PLA_EPL_N_
(A) P, L, E, E, N, E, A (B) P, E, L, E, N, E, A
(C) P, E, L, E, E, N, A (D) P, E, L, E, N, A, E

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द "KINGMAKER" शब्द के अक्षरों से *नहीं* बनाया जा सकता ?
Which of the following words *cannot* be formed from the letters of the word "KINGMAKER" ?
(A) MAKING (B) GAMER
(C) KICKER (D) NIKE

**50.** अर्जुन अपने घर से निकलकर दक्षिण दिशा में 500 मी. मोटर गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएँ मुड़कर 500 मी. चलाता है। इसके बाद, वह उत्तर दिशा में 500 मी. चलाता है। उसके बाद, वह दाएँ मुड़कर 100 मी. चलाता है, फिर एक और बार दाएँ मुड़कर 800 मी. चलाता है। अंत में, वह एक और बार दाएँ मुड़कर 600 मी. चलाकर अपने मित्र के घर पहुँचता है। अर्जुन की अब अपने घर से सबसे कम दूरी कितनी है और वह अपने घर से किस दिशा में है ?
(A) 500 मी., उत्तर-पूर्व (B) 800 मी., दक्षिण-पश्चिम (C) 500 मी., दक्षिण (D) 800 मी., दक्षिण
Arjun starts from his home in a car and drives 500 m towards the South. He then takes a left turn and drives 500 m. After that, he drives 500 m towards the North. Next, he takes a right turn and drives 100 m, then takes another right turn and drives 800 m. Finally, he takes one more right turn and drives 600 m to reach his friend's house. What is the shortest distance from his home now and in which direction is Arjun from his home ?
(A) 500 m, North-East (B) 800 m, South-West (C) 500 m, South (D) 800 m, South

**51.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द, "ACCOMPLISHED" शब्द के अक्षरों से *नहीं* बनाया जा सकता, बशर्ते किसी भी अक्षर को मूल शब्द में उसकी उपस्थिति से अधिक बार न दोहराया जाए ?
Which of the following words *cannot* be formed from the letters of the word "ACCOMPLISHED", without repeating any letter more times than it appears in the original word ?
(A) POLISHED (B) COMPUTE
(C) SIMPLE (D) COMPILE



Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

52. अरनव अपने आरंभिक बिंदु से उत्तर दिशा की ओर 5 किमी चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 7 किमी चलता है। इसके बाद, वह फिर से दाईं ओर मुड़कर 8 किमी चलता है। अब अरनव अपने आरंभिक बिंदु के सापेक्ष किस दिशा में है ?

(A) उत्तर-पूर्व (B) दक्षिण-पूर्व (C) उत्तर-पश्चिम (D) दक्षिण-पश्चिम

Arnav walks 5 km towards the North from his starting point. He then turns right and walks 7 km. After that, he turns right again and walks 8 km. In which direction is Arnav now with respect to his starting point ?

(A) North-East (B) South-East (C) North-West (D) South-West

53. दिए गए अक्षर समूहों के जोड़ों में स्वर और व्यंजन किस प्रकार अलग-अलग क्रम में स्थानांतरित होते हैं, इसका अवलोकन कीजिए। लुप्त जोड़े को खोजने के लिए इसी नियम का प्रयोग कीजिए।

Observe how vowels and consonants are shifted differently in the given pairs of letter clusters. Apply the same rule to find the missing pair.

BENEATH : AFMFBSG : : DREAMER : CQFBLFQ : : ?

(A) CAPTURE : BBOSVGF (B) CAPTURE : BBQSDMF
(C) CAPTURE : BBOSTNF (D) CAPTURE : BBOSVQF

54. उस शब्द की पहचान कीजिए जिसे "ENLIGHTENING" शब्द के अक्षरों का उपयोग करके ***नहीं*** बनाया जा सकता, बशर्ते किसी भी अक्षर को मूल शब्द में उसकी उपस्थिति से अधिक बार न दोहराया जाए।

Identify the word that ***cannot*** be formed using the letters of the word "ENLIGHTENING", without repeating any letter more times than it appears in the original word.

(A) NIGHT (B) THING (C) TENNIS (D) LIGHT

55. दिए गए कथनों और निष्कर्षों के संबंध में सही विकल्प की पहचान कीजिए :

**कथन :**

I. सभी पालतू जानवर कुत्ते हैं। II. सभी कुत्ते बिल्लियाँ हैं।

**निष्कर्ष :**

I. सभी पालतू जानवर बिल्लियाँ हैं। II. सभी बिल्लियाँ पालतू जानवर हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(D) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं।

Identify the correct option regarding the Statements and Conclusions given :

**Statements :**

I. All pets are dogs. II. All dogs are cats.

**Conclusions :**

I. All pets are cats. II. All cats are pets.

(A) Only Conclusion I follows.
(B) Only Conclusion II follows.
(C) Neither Conclusion I nor Conclusion II follows.
(D) Both Conclusion I and Conclusion II follow.

56. 'ADVENTURE' शब्द के अक्षरों का उपयोग करके, बिना किसी अक्षर को दोहराए, निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बनाया जा सकता है ?

Which of the following words can be formed using the letters of the word 'ADVENTURE' without repeating any letters ?

(A) ADVANTAGE (B) NURSE (C) TURN (D) BREAK



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

57. यदि अनविता प्रतिदिन 3 घंटे काम करती है, तो वह अकेले एक काम को 8 दिनों में पूरा कर सकती है और माया अकेले उसे 12 दिनों में पूरा कर सकती है। यदि वे दोनों मिलकर प्रतिदिन 7·2 घंटे काम करें, तो वे काम को कितने दिनों में पूरा करेंगी ?

(A) 4 दिन
(B) 3·6 दिन
(C) 2 दिन
(D) 3·2 दिन

When working 3 hours per day, Anvita alone can complete a piece of work in 8 days and Maya alone can complete it in 12 days. If they work together for 7·2 hours per day, in how many days will they complete the work ?

(A) 4 days
(B) 3·6 days
(C) 2 days
(D) 3·2 days

58. निम्नलिखित में से कौन-सा किसी आकृति की परिधि का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

(A) सभी भुजाओं की लंबाइयों का योग
(B) किसी आकृति द्वारा परिबद्ध क्षेत्रफल
(C) किसी आकृति के दो विपरीत कोनों को जोड़ने वाली रेखा
(D) किसी त्रि-आयामी वस्तु द्वारा घेरा गया स्थान

Which of the following best describes the perimeter of a shape ?

(A) The sum of the lengths of all sides
(B) The area enclosed by a shape
(C) The line joining two opposite corners of a shape
(D) The space occupied by a three-dimensional object

59. चार मित्र M, N, O और P एक सीधी पंक्ति में, सभी उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। O सबसे दाईं छोर पर बैठा है। P, O के बाएँ से तीसरे स्थान पर है। M, P और N के ठीक बीच में बैठा है।
बाएँ से दाएँ की सही बैठने की व्यवस्था क्या है ?

Four friends M, N, O and P are sitting in a straight line, all facing the North direction. O is sitting at the extreme right end. P is third to the left of O. M is sitting exactly between P and N.
What is the exact seating arrangement from left to right ?

(A) O-N-M-P
(B) M-N-O-P
(C) P-M-N-O
(D) P-N-O-M

60. दो संख्याओं 1002 और 1314 का HCF 6 है। उनका LCM ज्ञात कीजिए।

The HCF of two numbers 1002 and 1314 is 6. Find their LCM.

(A) 235882
(B) 202060
(C) 228734
(D) 219438

61. यदि किसी संख्या का 70%, 56 है, तो उस संख्या को 25% बढ़ाने के बाद उसका मान क्या होगा ?

If 70% of a number is 56, what is the value of the number after increasing it by 25% ?

(A) 70
(B) 50
(C) 60
(D) 100

62. 60 वर्ष बाद, हार्दिक की आयु उसकी उस आयु से सात गुना होगी जो 6 वर्ष पहले थी। उसकी वर्तमान आयु क्या है ?

(A) 12 वर्ष
(B) 10 वर्ष
(C) 17 वर्ष
(D) 13 वर्ष

After 60 years, Hardik's age will be seven times the age he was 6 years ago. What is his present age ?

(A) 12 years
(B) 10 years
(C) 17 years
(D) 13 years

63. दी गई श्रृंखला को पूरा करने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से लुप्त संख्या का चयन कीजिए :

Select the missing number from the following options to complete the given series :

0.8, 1.6, 2.4, 3.2, ____, 4.8, 5.6, 6.4.

(A) 5.4
(B) 4.0
(C) 3.8
(D) 4.6



Scanned with OKEN Scanner

Adda247

GET IT ON Google Play

64. निम्नलिखित में से कौन-सा अभाज्य संख्या का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?
(A) एक सम संख्या
(B) एक ऐसी संख्या जिसके दो से अधिक गुणनखंड हों
(C) 1 से बड़ी एक ऐसी संख्या जो केवल 1 और स्वयं से विभाज्य हो
(D) एक ऐसी संख्या जो 2 से विभाज्य न हो

Which of the following best describes a prime number ?
(A) An even number
(B) A number that has more than two factors
(C) A number greater than 1 that is divisible only by 1 and itself
(D) A number that is not divisible by 2

65. **प्रश्न :**
दी गई मैट्रिक्स को पूरा करने के लिए रिक्त स्थान में कौन-सी आकृति प्रतिस्थापित की जानी चाहिए ?
**निर्देश :**
दी गई मैट्रिक्स का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। बॉक्स के अंदर की आकृतियाँ आकार और छायांकन (शेडिंग) के आधार पर एक विशिष्ट पैटर्न का पालन करती हैं। पंक्तिवार और स्तंभवार व्यवस्था का विश्लेषण कीजिए, फिर सही उत्तर चुनिए।

**Question :**
Which figure should replace the blank space to complete the given matrix ?
**Instruction :**
Study the given matrix carefully. The figures inside the boxes follow a specific pattern based on shape and shading. Analyze the arrangement row-wise and column-wise, then choose the correct answer.



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

66. दी गई संख्याओं पर विचार कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए।
468, 735, 291, 804, 157
सबसे छोटी संख्या की पहचान कीजिए और उसके पहले और अंतिम अंकों का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Consider the given numbers and answer the question.
468, 735, 291, 804, 157
Identify the smallest number and find the product of its first and last digits.
(A) 2
(B) 5
(C) 7
(D) 21



Scanned with OKEN Scanner

67. इन शर्तों का पालन करते हुए प्रतीकों $, %, & को एक क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. % पहले नहीं आ सकता।

II. &, $ के तुरंत बाद नहीं आ सकता है।

Arrange the symbols $, %, & in a sequence following these conditions :

I. % cannot be first.

II. & cannot come immediately after the $.

(A) % & $
(B) % $ &
(C) $ & %
(D) $ % &

68. एक परिवार में, M की शादी Y से हुई है और उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें से केवल एक बेटा है। Q, R की बहन है और R, T का भाई है। Y, R का पिता है। T का Q से क्या संबंध है ?

(A) बहन (B) बेटी (C) बुआ (D) माँ

In a family, M is married to Y and they have three children, of which only one is a son. Q is the sister of R and R is the brother of T. Y is the father of R. What is T's relation to Q ?

(A) Sister (B) Daughter (C) Paternal Aunt (D) Mother

69. यदि दी गई छवि को 450 डिग्री दक्षिणावर्त घुमाया जाए, तो किस प्रकार का रूपांतरण समान दृश्य प्रभाव उत्पन्न करेगा ?

If the given image is rotated 450 degrees clockwise, which type of transformation produces the same visual effect ?



(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

70. 24 लड़कों की एक पंक्ति में, विजय दाईं छोर से 15वें स्थान पर है। विनय, विजय के बाईं ओर 5वें स्थान पर है। पंक्ति के बाईं छोर से विनय का स्थान क्या है ?

(A) 15वाँ
(B) 9वाँ
(C) 10वाँ
(D) 5वाँ

In a row of 24 boys, Vijay is 15th from the right end. Vinay is 5th to the left of Vijay. What is Vinay's position from the left end of the row ?

(A) 15th
(B) 9th
(C) 10th
(D) 5th

71. यदि जल की सतह आकृति के ठीक नीचे स्थित हो, तो दी गई आकृति का जल प्रतिबिंब क्या होगा ?

What is the water image of the given figure if the water surface is located just below the figure ?




(A) 
(B) 
(C) 
(D) 



Scanned with OKEN Scanner

Adda247

GET IT ON Google Play

72. जब दिए गए नेट (आकृति) से घन बनाया जाता है, तो 2 के विपरीत कौन-सी संख्या होगी ?

When the cube is formed from the given net (figure), which number will be opposite to 2 ?




(A) 4 (B) 5 (C) 1 (D) 3

73. एक पंक्ति में, ब्रायन बाएँ से 150वें और दाएँ से 275वें स्थान पर खड़ा है। पंक्ति में कितने लोग हैं ?

In a row, Brian is standing 150th from the left and 275th from the right. How many people are there in the row ?

(A) 426 (B) 425 (C) 423 (D) 424

74. प्रतीकों के संयोजनों के निम्नलिखित अनुक्रम का परीक्षण कीजिए :

ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिए कि अनुक्रम में प्रतीक एक निश्चित दोहराए जाने वाले चक्र में किस प्रकार पुनर्व्यवस्थित हो रहे हैं; फिर दोहराव के इस पैटर्न को पहचानकर वह सही संयोजन निर्धारित कीजिए जो रिक्त स्थान को भरता है।

Examine the following sequence of symbol combinations :

Carefully observe how the symbols are rearranged in a fixed repeating cycle across the sequence and identify the pattern of repetition to determine the correct combination that fills the blank.

#%&, %&#, &#%, #%&, %&#, &#%, ____, %&#, &#%

(A) $%# (B) &#% (C) #%& (D) #%#

75. भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 किस खोज की याद में मनाया जाता है ?

(A) प्रकाश-विद्युत प्रभाव (B) सापेक्षता का सिद्धांत (C) DNA संरचना (D) रमन प्रभाव

The National Science Day 2026 in India is celebrated to mark which discovery ?

(A) Photoelectric Effect (B) Theory of Relativity (C) DNA Structure (D) Raman Effect

76. 2002 में अधिनियमित कौन-सा अधिनियम पूरे भारत में लागू होता है, देश के बाहर रहने वाले भारतीय नागरिकों पर भी लागू होता है और भारत के बाहर किए गए अपराधों को भी भारत के भीतर किए गए अपराधों के समान ही मानता है ?

(A) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (B) आतंकवाद निवारण अधिनियम

(C) सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम (D) राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम

Which Act, enacted in 2002, extends to the whole of India, applies to Indian citizens even outside the country and covers offences committed beyond India as if they were committed within India ?

(A) Unlawful Activities (Prevention) Act (B) Prevention of Terrorism Act

(C) Armed Forces (Special Powers) Act (D) National Security Act

77. भारत कब से विश्व व्यापार संगठन का सदस्य है ?

Since when has India been a member of the World Trade Organization ?

(A) 1995 (B) 1947 (C) 2000 (D) 1991

78. निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) का प्राथमिक उद्देश्य है ?

(A) नौपरिवहन (शिपिंग) की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करना (B) हवाई यातायात को विनियमित करना

(C) वैश्विक व्यापार शुल्कों का प्रबंधन करना (D) पर्यटन को बढ़ावा देना

Which of the following is the primary objective of the International Maritime Organization (IMO) ?

(A) Ensure the safety and security of shipping (B) Regulate air traffic

(C) Manage global trade tariffs (D) Promote tourism



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

79. सरस्वती सम्मान पुरस्कार किस संस्था द्वारा दिया जाता है ?
(A) IGNCA
(B) संस्कृति मंत्रालय
(C) साहित्य अकादमी
(D) के.के. बिरला फाउंडेशन
The Saraswati Samman award is given by which organization ?
(A) IGNCA
(B) Ministry of Culture
(C) Sahitya Akademi
(D) K.K. Birla Foundation

80. निम्नलिखित में से कौन-सा माइक्रोब्लॉगिंग का उदाहरण है ?
(A) यूट्यूब
(B) व्हाट्सएप
(C) लिंक्डइन
(D) ट्विटर (X)
Which of the following is an example of microblogging ?
(A) YouTube
(B) WhatsApp
(C) LinkedIn
(D) Twitter (X)

81. निम्नलिखित में से कौन-सा द्वितीयक क्षेत्र में बड़े-पैमाने के उद्योग का उदाहरण है ?
(A) रेहड़ी-पटरी (स्ट्रीट) व्यापार
(B) कारीगर हस्तशिल्प
(C) कारखाने और मिलें
(D) मछली पकड़ने वाली नावें
Which of the following is an example of a large-scale industry in the secondary sector ?
(A) Street vending
(B) Artisan handicrafts
(C) Factories and mills
(D) Fishing boats

82. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 361ख ______ से संबंधित है।
(A) उपराष्ट्रपति के चुनाव
(B) पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित प्रावधानों
(C) लाभप्रद राजनीतिक पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हता
(D) संविधान में आपातकालीन प्रावधानों
Article 361B of the Indian Constitution deals with ______.
(A) Election of the Vice President
(B) Provisions related to Panchayati Raj Institutions
(C) Disqualification for appointment on remunerative political post
(D) Emergency provisions in the Constitution

83. भारत में प्रतिरोध (रजिस्टेंस) साहित्य की एक आधारभूत कृति *"गुलामगिरी"* पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(B) ज्योतिराव फुले
(C) महात्मा गाँधी
(D) बी.आर. अंबेडकर
Who is the author of the book *"Gulamgiri"*, a foundational work of resistance literature in India ?
(A) Rabindranath Tagore
(B) Jyotirao Phule
(C) Mahatma Gandhi
(D) B.R. Ambedkar

84. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर ग्रीस (यूनान) की राजधानी है ?
(A) जकार्ता
(B) एथेंस
(C) बर्लिन
(D) रोम
Which of the following is the capital city of Greece ?
(A) Jakarta
(B) Athens
(C) Berlin
(D) Rome



Scanned with OKEN Scanner

Adda247

GET IT ON Google Play

85. प्रकृति में कितने मूलभूत बल मौजूद हैं ?
How many fundamental forces are there in nature ?
(A) 4 (B) 2 (C) 6 (D) 7

